राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने किया मुख्य सचिव और डीजीपी को समन जारी

www.khaskhabar.com | Published : मंगलवार, 16 मई 2023, 6:24 PM (IST)

जयपुर । राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की शिकायत पर राजस्थान के मुख्य सचिव और डीजीपी को समन जारी किया है । शिकायत के तहत 3 मार्च को वीरांगनाओं और डॉक्टर किरोड़ी लाल एवं 10 मार्च को सामोद हनुमान जी के दर्शन करने के लिए जाने के दौरान मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने व गैरकानूनी रूप से हिरासत में लेने के मामले में मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को समन जारी किया है।

डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शिकायत में बताया कि शहीद जीतराम गुर्जर की पत्नी श्रीमती सुन्दरी देवी, शहीद रोहिताश लाम्बा की पत्नी श्रीमती मंजू जाट, शहीद हेमराज मीना की पत्नी श्रीमती मधुबाला मीना 9 दिन तक सरकार की चोखट पर वीरांगनाओं के जायज़ माँगो को लेकर धरने पर बैठे थे। लेकिन मुख्यमंत्री ने शहीदों की वीरांगनाओं की माँग मानने की वजाय अपमान किया।

शिकायत में बताया गया कि शहीदों के अंतिम संस्कार में राज्य सरकार के कुछ मंत्रियों ने दाह संस्कार में शामिल होकर शहीदों की वीरांगनाओं व परिजनों को हजारों लोगों की उपस्थिति में बड़े-बड़े आश्वासन दिये थे। लेकिन आज चार वर्ष पूरे होने के बाद भी शहीदों के परिजनों से किये गये वादों को राज्य सरकार द्वारा पूरा नही किया गया। वीरांगनाऐं को दर-दर की ठोकरें खा रही है।

ये भी पढ़ें - अपने राज्य / शहर की खबर अख़बार से पहले पढ़ने के लिए क्लिक करे

Copyright © 2023 I Khaskhabar.com Group, All Rights Reserved